# University in News on 17 January 2021

**JAGRAN CITY PAGE IV**

## लविवि कुलपति ने क्रिकेट की पिच पर जमाया रंग

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में खेल का मैदान। शनिवार को शाम 4.45 मिनट। नीली शर्ट और काली पैंट पहने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बैट लेकर सीधे क्रीज पर उतरे। अभी तक छात्र-छात्राओं की क्लास लेने वाले प्रोफेसर साहब ने अभ्यास मैच में युवा तेज गेंदबाजों की खूब धुनाई की। उनकी बैटिंग देखकर विवि के शिक्षक भी हैरान रह गए। दरअसल, रविवार को राजभवन और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच एक मैत्रीय मैच खेला जाना है। इसके लिए शनिवार को अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों के अनुरोध पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने युवा बल्लेबाज की तरह चौके-छक्के जड़े। उन्होंने मैदान में करीब एक घंटा बिताया। रविवार को सुबह 10.30 बजे कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय और राजभवन की टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इसका आयोजन राजभवन परिसर में ही होगा। इसके लिए टीम के खिलाड़ी कई दिनों से



क्रिकेट मैच का अभ्यास करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ● सौ: लविवि

अभ्यास कर रहे हैं। अभ्यास सत्र के दौरान इस दौरान प्रो. दिनेश कुमार (चीफ प्रॉक्टर), रिसर्च स्कॉलर गणेश शंकर पांडेय और नीरज जैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

वहीं, चांसलर इलेवन के कोच डॉ. नीरज जैन ने बताया कि 20 सदस्यीय टीम में डॉ. अनित्य गौरव की जगह सुशील को शामिल किया गया है। जबकि अभिषेक पाल की जगह संदीप को जगह दी गई है।